कोट्टक्कल नंदकुमारन नायर
अकादेमी पुरस्कारः कथकलि

KOTTAKKAL NANDAKUMARAN NAIR
Akademi Award: Kathakali

केरल के त्रिशूर जिले के देशमंगलम में 17 अगस्त 1945 को जन्मे, श्री कोट्टक्कल नंदकुमारन नायर ने कथकलि का प्रशिक्षण पी. एस. वी. नाट्य संगम, कोट्टक्कल में गुरु कोट्टक्कल कृष्णनकुट्टी नायर के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। आपने केरल कलामंडलम में कलामंडलम दिवाकरन नायर और मालाबार कन्नन नायर के सानिध्य में ओट्टनथुल्ल का प्रशिक्षण भी लिया है।

श्री कोट्टक्कल नंदकुमारन नायर ने संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित कथकलि महोत्सव सहित देश–विदेश में आयोजित होने वाले नृत्योत्सवों में बड़े पैमाने पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने वारसॉ थिएटर एकेडमी, पोलैंड समेत कई देशों में कथकलि विषयक कार्यशालाओं का आयोजन किया है और प्रस्तुतियाँ की है। श्री नायर ने बहुत सी नृत्यसंरचनाएँ तैयार की हैं और उन्हें रियो डी जनेरियो, ब्राजील स्थित ओडिलो कोस्टा फिल्हो थिएटर यूनिवर्सिटी की विश्व रंगमंच अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी समेत विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुत किया है। आपने कथकलि नृत्य प्रशिक्षण के माध्यम से नई पीढ़ी के बहुत से कलाकारों को तैयार किया है। आप प्रसिद्ध कथकलि अभिनेता हैं और अपने काठी वेशम के लिए प्रसिद्ध हैं।

श्री कोट्टक्कल नंदकुमारन नायर को केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2009) और केरल कलामंडलम पुरस्कार (2016) सहित कई उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

श्री कोट्टक्कल नंदकुमारन नायर को कथकलि में योगदान के लिए वर्ष 2019 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 17 August 1945 at Desamangalam, Thrissur District, Kerala, Shri Kottakkal Nandakumaran Nair received his training in Kathakali under Guru Kottakkal Krishnankutty Nair at the P.S.V. Natya Sangam, Kottakkal. He has also learnt Ottanthullal under Kalamandalam Divakaran Nair and Malabar Kannan Nair at the Kerala Kalamandalam.

Shri Kottakkal Nandakumaran Nair has performed extensively within the country and abroad including the Kathakali Mahotsavam organized by the Sangeet Natak Akademi. He has also conducted workshops and demonstrations in Kathakali at several events abroad such as Warsaw Theatre Academy, Poland. Shri Nair has also many choreographic works to his credit and presented them at prestigious forums including the World Theatre International Seminar at Odylo Costa Filho Theatre University of Rio De Janeiro, Brazil. He has imparted training and produced many artists of the present generation. He is a well-known Kathakali actor highly noted for his Kathi Vesham.

Shri Kottakkal Nandakumaran Nair has been awarded several titles and honours including the Kerala Sangeetha Nataka Akademi Award (2009), and the Kerala Kalamandalam Award (2016).

Shri Kottakkal Nandakumaran Nair receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2019 for his contribution to Kathakali.